## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous

Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# चीन सीमा को जोड़ने वाले मोटर मार्ग के खुलने में देरी

**दिक्कतें**

■क्षेत्र में पांच सौ मीटर सड़क पूरी तरह बह चुकी है

## उपजिलाधिकारी ने बंद पड़ी सड़कों का लिया जायजा





**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। पिछले 48 दिनों से बंद पड़ी चीन सीमा सड़क को जोड़ने वाले तवाघाट सोगला तिदांग मोटर मार्ग को खोलने में देरी लग सकती है। बता दें कि तवाघाट से नारायणपुर चार किमी के बीच यह मार्ग चारों स्थानों पर बेहद बंद पड़ा हुआ है। इस क्षेत्र में पांच सौ मीटर सड़क पूरी तरह बह चुकी है। वायरक्रेट लगाकर भी मार्ग खुलने की स्थिति में नही लग रहा है। एक स्थान पर सड़क काटने की वजह से गांव पर खतरा मंडराने के आसार ज्यादा बन गये है। इस मार्ग के बंद होने से आईटीबीपी व सेना सहित लगभग बीस हजार की आबादी प्रभावित हो चुकी है। दूसरी ओर छिरकिला से लेकर खेत तक की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। प्रतिदन इलाके में गिर रहे भारी मलबे के कारण चौदास घाटी के बीस हजार से अधिक गांवों के ग्रमीणों को आवाजाही करने में दिक्कतों से दो चार होना पड़ रहा है। जिले में अब तक बंद पड़े मार्गों के न खुल पाने के कारण क्षेत्र में जरूरती वस्तुओं के लाले पड़ने के खासे आसार बन रहे है। सीमांत तहसील धारचमला के उपजिलाधिकारी एसके शुक्ला ने देर सांय चीन सीमा को जोड़ने वाली तवाघाट दारमा सड़क मोटर मार्ग का निरीक्षण कर हालात का जायजा लिया। वही मौके पर मौजूद बीआरो के कर्मचारियों को उन्होने निदेंश दिये कि हर हाल में यह सड़क जल्द से जल्द खोलने के प्रयास किये जाए। वही बीआरो ने बंद पड़े मार्ग को तुरंत खोलने में देरी लगने की स्थिति बयां की है। बीआरो के इंचार्ज का कहना है कि जगह जगह हुए भारी भूस्खलन के चलते सड़क को खोलने में काफी वक्त लग सकता है। ऐसे हालातों में क्षेत्र के आवाजाही करने वाले ग्रमीणों को दिक्कतों से दो चार होना लाज्मी है।

## न्यूज डायरी

### कांग्रेसियों ने फूंका भाजपा का पुतला

**संवाददाता** पुरोला। प्रदेश भर में नीट व जेईई परीक्षाओं को स्थगित करने को लेकर उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी के बैनर तले ब्लॉक कांग्रेस कमेटी प्रोग्राम मोरी ने पुरोला में भाजपा का पुतला फूंका व परीक्षाओं को स्थगित करने की मांग की। शनिवार को पुरोला में मोरी व पुरोला व्लाक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने व्लाक अध्यक्ष किसन सिंह रावत की अध्यक्षता में भाजपा के खिलाफ प्रर्दशन,नारेबाजी कर पुतला फूंका व केंद्र सरकार पर कोविड महामारी के चरम दौर में नीट व जेईई परीक्षा कराने का निणर्य लेकर लाखों छात्रों के कोरोना संक्रमण में झोंकने का आरोप लगाया। कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार से नीट व जेईई की परीक्षाओं को स्थागित करनें की मांग की। पुतला फूंकनें वालों में व्लाक अध्यक्ष किसन सिंह रावत,नगर पंचायत अध्यक्ष हरिमोहन सिंह नेगी,जिला महा सचिव रेखा नौटियाल जोशी,दिनेशचौहान,कमला राम शर्मा,सुनीता,संजय सिंह चौहान आदि कांग्रेस मौजूद थे।

### पूर्व कोग्रेस जिलाअध्यक्ष की एंटीरेंजन टेस्ट में रिपोर्ट निकली पाजिटिव

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिला मुख्यालय में देर सांय कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश पंत की एंटीरेजन टेस्ट में जांच रिपोर्ट पाजिटिव निकली है। बता दें कि जिले के कांगेस कार्यकर्ताओं में मुकेश पंत की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव मिलने से हडकंप मच गया है। वही मुकेश किसके संक्मण में आये उनकी ट्रैवल हिस्ट्री की जांच की जा रही है। मुकेश पंत को जिला बेस अस्पताल में आइसोलेट कर दिया गया है। मुकेश पंत ने अपने संर्पक में आने वालों लोगों को भी आइसोलेट होने की अपील की है। मुकेश पंत की सैपलों की जांच हल्द्वानी को भेज दी गई है।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर साइकिल यात्रा निकाली

**संवाददाता** हरिद्वार। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर क्रीड़ा भारती के माध्यम से हरिद्वार में रानीपुर मोड़ से साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। कोरोना वैश्विक महामारी के कारण क्रीड़ा भारती द्वारा व्यापक स्तर पर खेल के आयोजन नहीं कर पाए, लेकिन खेल दिवस के अवसर पर खिलाड़ियों को प्रोत्साहन करने की दृष्टि से साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें 30 से अधिक खिलाड़ियों ने अपने साइकिल पर यात्रा कर खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए एक संदेश देने का काम किया है। तोमर ने कहा कि स्व. चेतन चौहान ने खेलों के माध्यम से देश को आगे ले जाने का काम किया है और सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया है, वह प्रत्येक खिलाड़ी के चहेते थे, क्रीड़ा भारती का गठन महाराष्ट्र में किया गया था।

## भाजपा सरकार ने किया उत्तराखण्ड के बेरोजगारों के साथ धोखा: आनंद

**प्रदेश का युवा आत्महत्या को मजबूर और सीएम साहब करीबियों पर मेहरबान**

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी मेयर सुनील उनियाल गामा की बेटी की नौकरी बैक डोर से लगाए जाने कि घोर निंदा करती है। एक ओर प्रदेश में जहां संदीप जैसे नौजवान बेरोजगारी के कारण आत्महत्या कर रहे है वहीं मुख्यमंत्री के कुछ करीबियों को इस तरह से बैकडोर एंट्री दे कर नौकरियां लगवाई जा रही है।

हाल ही मे मेयर सुनील उनियाल गामा की पुत्री श्रेया उनियाल गामा की नौकरी भारतीय चिकित्सा परिषद में आउटसोर्स से लगाई है। परिषद के अध्यक्ष डा. दर्शन कुमार शर्मा का कहना है कि पीआरडी से नाम मांगे गए थे वहां से उनका नाम आया और उनको नौकरी दे दी गई। यहां पर सवाल यह उठता है कि पीआरडी ने किसके दबाव में सिर्फ सुनील उनियाल गामा की बेटी का नाम भेजा, जबकि पीआरडी में भी सैकड़ों की संख्या में बेरोजगार पंजीकृत है।

गौरतलब है कि मेयरी साहब की धर्मपत्नी को भी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरबंस कपूर ने विधानसभा में अडजैस्ट किया था जो कि बहुत मोटी तंख्वाह ले रही है। साथ ही सुनने में यह भी आया है कि पिछले कई माह से डयूटी पर नहीं जा रही है परंतु वेतन ले रही है। यहां पर यह बात भी नहीं भूलनी चाहिए कि मेयर सुनील उनियाल गामा मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के खासे करीबी माने जाते है। इसी नजदीकी का पूरा फायदा उठाया जा रहा है।

आनंद ने कहा कि मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी पूरे प्रदेश के लिए होती है न कि किसी एक व्यक्ति विषेश के लिए। इसी कारण उत्तराखण्ड के बेरोजगार आत्महत्या करने को मजबूर है।

## महामारी संक्रमण के नियमों की वाहन चालक उडा रहे हैं धज्जियां

**गाडियों में खच्चा–खच्च भर रहे हैं सवारी**

**संवाददाता** पुरोला। कोरोना महामारी रोकथाम को वाहनों में सवारियों को सामाजिक दूरी को लेकर जारी प्रदेशसरकार की एडवाइजरी,नियमों की लोकल मार्गो पर वाहन चालको ने जमकर धज्जियां उडानें के साथ ही प्रशासन के नाक केनीचे सवारियों से दुगना–तिगुना किराया वसुलकर लूट खूब खसोट मचा रखी है। कोविड–19 महामारी संक्रमण के रोकथाम को लेकर सरकारी एडवाइजरी तहत भलेही आधा से कम सवारियां बैठाकर छोटे बडे वाहनों मे हररूट पर पहले के किराए का दुगना लेने के निर्देश हैं पर तमामपहाडी मार्गो पर बस व टैक्सी चालक सामाजिकदूरी को दत्ता बता कर खच्चा–खच्च सवारियां तो भर रही रहे हैं वहीं दुगना तिगुना किराया व सुलकर गरीब जनता को लूट रहे हैं। मसलन पुरोला से मोरी का सामान्य किराया 50 रूपय है वहीं महामारी के दौर में दुगना100 रूपये की बजाय 150 रूपये जबकि मोरी–त्यूणी गाडी में फुल सवारी के बाद भी 60 रूपय बजाय150 रूपये वसुले जा रहे हैं यही हाल पुरोला से उतरकाशी का है जबकि पुरोला से दून गाडी में खच्चा खच्च फुल सवारी के बाद भी 200 दुगना 400 रूपये की बजाय 650 रूपये प्रति सवारी वसुलकर खुली लूट मची है।

उपजिलाधिकारी पुरोला सोहन सिंह सैनी ने बताया कि एडवाइजरी से अधिक सवारी बिठाने वसामाजिक दूरी का पालन न करनें पर वाहनों के चालान किये जा रहे हैं।

## सत्रह कुमाउं रेजीमेंट के नायक का घर पहुंचने पर हुआ सम्मान

**लददाख की गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के धोखे से किये हमले में हुए थे घायल**

**निर्मल भट्ट।**

पिथौरागढ। सत्रह कुमाउं रेजीमेंट के जाबांज नायक पूरन सिह कुंवर जो कि पंन्द्रह जून की रात लद्दाख की गलवान घाटी में चीनी सैनिकों द्वारा धोखे से किये हमले में घायल हो गये। बता दें कि बीते शुक्रवार स्वस्थ होकर अपने ग्रह क्षेत्र पहुंचने पर पूरन का उनके क्षेत्र के गांव वासियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

पूरन सिह कुंवर के स्वागत के लिए अस्कोट बस स्टेशन पर एक भव्य समारोह का आयेजन किया गया। क्षेत्र के समाज सेवी मनोज लुंठी के नेतृत्व में युवाओं ने भारतीय सेना के इस जाबांज नायक को खुली जीप में बैठाकर जुलूस निकालकर देशभक्ति के नारे लगाकर पूरन सिह को पूरे क्षेत्र में घुमाया।

क्षेत्र के बुजुर्गो ने भी अपने इस जाबाज जवान को सीने से लगाकर आर्शीवार्द भी दिया। जानकारी के मुताबिक जाबाज नायक पूरन ने बेहद कठिन परिस्थितियों में अपनी जान की बाजी लगाकर चीनी सैनिकों की जवाबी कारवाही का मुंहतोड़ जवाब दिया। सीमांत जनपद के बेरीनाग क्षेत्र के गांववासियों ने कहा कि पंन्द्रह जून की रात्रि जब गांव वालों को पता चला कि दनके क्षेत्र का जाबांज जवान चीनी सैनिकों के द्वारा हुई झड़प में घायल हो चुका है तो उस रात क्षेत्र के लोगों की चिंता बेहद बड़ गई थी। क्षेत्र के गांव वासियों ने अपने जाबाज जवान की कुशल क्षेम को लेकर उनके स्वास्थ के जल्द ठीक होने की कामना की। जब दो माह बीतने के बाद जाबांज जवान पमरन सिह बीते शुक्रवार अपने घर स्वस्थ होकर पहुंचे तो क्षेत्र के लोगों का सैलाब उनके स्वागत के लिए आया। अपने जबांज जवान के सकुशल घर लौटने पर क्षेत्र के गांववासियों द्वारा उनका जोरदार स्वागत करने के साथ उनके लिए दीर्घायु की कामना की गई। वही इस मौके पर पूरन के माता पिता ने भी फूल मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

**जज्बे को सलाम**



घर लौटे सैनिक को मीठा खिलाते हुए उनकी मां।